>

Title: Need to make ESI hospital operational in Rudrapur, Uttarakhand.

श्री अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर) : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस अति महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया है । मान्यवर, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) जो श्रम विभाग, भारत सरकार का एक उपक्रम है । वह कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधाएं और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराता है । उन्होंने उत्तराखंड नवोदित राज्य में अभी तक कोई भी चिकित्सालय ठीक ढंग से संचालित नहीं किया है । आज से 10 वर्ष पूर्व 3 चिकित्सालय प्रारंभ हुए थे, जिनके लिए हमारी राज्य सरकार ने जमीन भी दे दी है और सारी फॉर्मेल्टीज भी पूरी कर दी हैं, लेकिन आज तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है । मेरे लोक सभा क्षेत्र नैनीताल-ऊधमसिंह नगर में रुद्रपुर नामक स्थान पर 100 बेड का अस्पताल बना है । उसका उद्घाटन भी कर दिया गया है, लेकिन मात्र दो डॉक्टर्स ही ओपीडी चला रहे हैं और 100 बेडों के अस्पताल पर ताला लगा हुआ है ।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करता हूं कि अतिशीघ्र रुद्रपुर स्थित ईएसआईसी का जो अस्पताल है, उसको प्रारंभ कर दिया जाए ।